रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-24082022-238351
CG-DL-E-24082022-238351

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3810] नई दिल्ली, बुधवार, अगस्त 24, 2022/भाद्र 2, 1944
No. 3810] NEW DELHI, WEDNESDAY, AUGUST 24, 2022/BHADRA 2, 1944

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 22 अगस्त, 2022

का.आ. 3984(अ).—अपशिष्ट बैटरी प्रबंधन नियम, 2020 भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उप-खंड (ii) का.आ. 770(अ) तारीख 20 फरवरी, 2020 में प्रकाशित किया गया था, जिसमें उन सभी व्यक्तियों को उक्त प्रारूप उपबंधों को अंतर्विष्ट करने वाले राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थी, तारीख से साठ दिन की समाप्ति से पहले आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, सभी प्राप्त किए गए आक्षेपों और सुझावों पर केंद्रीय सरकार द्वारा सम्यक रूप से विचार किया गया है;

अत:, केन्द्रीय सरकार पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) धारा 3 की उप धारा (1) के खंड (v) और उप धारा (2) के खंड (vii), धारा 6 की उप धारा (1) के खंड (ग) और उप धारा (2) के खंड (घ), धारा 8, धारा 25 की उपधारा (2) के खंड (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और बैटरी (प्रबंधन और हथालन) नियम, 2001 को उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ- (1)** इन नियमों का संक्षिप्त नाम **"अपशिष्ट बैटरी प्रबंधन नियम, 2022"** है।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. लागू होना – (1) - ये **नियम निम्नलिखित पर लागू होंगे: (**i) अपशिष्ट बैटरी के संग्रहण, पृथक्करण, परिवहन, नवीकरण और पुनर्चक्रण में सम्मिलित उत्पादक, व्यापारी, उपभोक्ता, इकाई;

ii. रसायन, आकार, मात्रा, भार, सामग्री संघटन और उपयोग पर ध्यान दिए बिना सभी प्रकार की बैटरी;

(2) ये नियम **निम्नलिखित में उपयोग में लाई गई बैटरी पर लागू नहीं होते हैं, (**i) हाथियार, आयुद्यों, युद्ध सामग्री सहित आवश्यक सुरक्षा हितों की रक्षा और विशेष रूप से सेना के प्रयोजनों से आशयित संबंद्ध उपकरण।

ii. अंतरिक्ष (अंतरिक्ष खोज करने हेतु) में भेजे जाने हेतु अभिकल्पित उपकरण ।

3. परिभाषाएं - इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो-

(क) **'अधिनियम'** से पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) अभिप्रेत है;

(ख) **'मोटरयान बैटरी'** से केवल मोटरयान स्टार्टर, प्रकाश या दहन ऊर्जा के लिए उपयोग में आने वाली कोई बैटरी अभिप्रेत है;

(ग) **'बैटरी'** से संचायक सहित नया या नवीकृत सेल और/या बैटरी और/या उनके घटक है, जो रासायनिक ऊर्जा से प्रत्यक्ष संपरिवर्तन द्वारा उत्पादित विद्युत ऊर्जा का कोई स्रोत है और जिसमें निपटान योग्य प्राथमिक और/या द्वितीयक बैटरी सम्मिलित अभिप्रेत है;

(घ) **'बैटरी पैक'** से सेलों और/या बैटरी का कोई ऐसा सेट या मॉड्यूल है जो बाहरी आवरण के भीतर इस प्रकार से संयोजित या समाहित है कि एक ऐसी संपूर्ण इकाई का निर्माण करे जिसे अंत्य-उपयोक्ता उसे अलग करने या खोलने का इरादा न करे;

(ड.) **'बैटरी सामग्रियों'** से निकेल, कोबाल्ट, सीसा, लीथियम जैसी धातुओं और अन्य सामग्रियों जैसे कि प्लास्टिक, कागज आदि सहित बैटरी में अंतर्विष्ट सामग्रियां अभिप्रेत है।

(च) **'सेल'** से इलैक्ट्रोड, इलैक्ट्रोलाइट, कंटेनर, टर्मिनलों और सेपरेटरों के संयोजन से गठित आधारभूत कार्यात्मक इकाई है जो रासायनिक ऊर्जा के प्रत्येक संपरिवर्तन द्वारा उत्पादित ऊर्जा का कोई स्रोत है; और जिसमें प्राथमिक/या द्वितीयक सेल भी हैं।

(छ) **'केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड'** से जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) की धारा 3 की उप धारा (1) के अधीन गठित केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड है;

(ज) **'उपभोक्ता'** से किसी बैटरी का कोई अंत्य उपयोक्ता अभिप्रेत है;

(झ) **'निपटान'** से कोई प्रचालन अभिप्रेत है जिसके फलस्वरूप पुन: उपयोग, पुन: प्राप्ति, नवीकरण या पुनर्चक्रण नहीं होता है और जिसमें, अन्य बातों के साथ भौतिक-रासायनिक और/या जौविक शोधन, और/या सुरक्षित भराई में निक्षेप सम्मिलित है;

(ञ) **'विद्युत यान बैटरी'** से विशेष रूप से सड़क परिवहन के लिए हाईब्रिड और विद्युत यानों को संकर्षण प्रदान कराने हेतु डिजाइन की गई कोई बैटरी अभिप्रेत है;

(ट) **'ईओएल बैटरी'** से बैटरी जिसका उपयोग कर लिया गया है, जिसके उपयोग की अवधि समाप्त हो गई है और जिसका नवीकरण नहीं किया जा सकता है;

IndiaCode

(ठ) **'पर्यावरणीय दृष्टि से सुदृढ़ प्रबंधन'** से अपशिष्ट बैटरी का प्रबंधन इस रीति से करना कि अपशिष्ट बैटरी में अंतर्विष्ट किसी पदार्थ से उत्पन्न किन्हीं प्रतिकूल प्रभावों से मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण को सुरक्षित किया जा सके। इनमें नवीकरण, और/या पुनर्चक्रण सम्मिलित हो सकता है;

(ड) **'विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व'** (ईपीआर) से बैटरी के किसी उत्पादक के लिए अपशिष्ट बैटरी के पर्यावरणीय दृष्टि से सुदृढ़ प्रबंधन का उत्तरदायित्व अभिप्रेत है;

(ढ) **'ईपीआर-रजिस्ट्रीकरण'** से ईपीआर हेतु केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा किसी उत्पादक का रजिस्ट्रीकरण अभिप्रेत है;

(ण) **'सुविधा केंद्र'** से ऐसा कोई अवस्थान अभिप्रेत है जिसमें अपशिष्ट बैटरी के संग्रहण/भंडारण/पृथक्करण/ मरम्मत करने, भंजक/पुनर्चक्रण/निपटान की आनुषंगिक प्रक्रियाओं को किया जाता है;

(त) **'प्ररूप'** से इन नियमों के परिशिष्ट में दिया गया कोई प्ररूप अभिप्रेत है;

(थ) **परिसंकटमय अपशिष्ट** से परिसंकटमय और अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन और सीमापार संचलन) नियम, 2016 के अधीन परिभाषित परिसंकटमय अपशिष्ट अभिप्रेत है।

(द) **'औद्योगिक बैटरी'** से वहनीय बैटरी, विद्युत यान बैटरी और मोटरयान बैटरी के सिवाय औद्योगिक उपयोगों के लिए डिजाई की गई कोई बैटरी अिभप्रेत है। इनमें सीलबंद बैटरी (वहनीय बैटरी के सिवाय), सील न की गई बैटरी (मोटरयान बैटरी के सिवाय) सम्मिलित हो सकती हैं;

(ध) **'विनिर्माता'** से कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) में यथापरिभाषित कोई व्यक्ति या इकाई या कंपनी या कारखाना अधिनियम, 1948 (1948 का 63) में यथापरिभाषित कोई कारखाना अभिप्रेत है जिसके पास बैटरी और/या उनके घटकों के विनिर्माण की सुविधाएं हैं;

(न) **'वहनीय बैटरी'** से कोई ऐसी बैटरी अभिप्रेत है जो सीलबंद है, 5 कि.ग्रा. से कम है, औद्योगिक प्रयोजनों, विद्युत यान के लिए या मोटरयान बैटरी के रूप में उपयोग करने के लिए नहीं बनी है;

(प) **'उत्पादक'** से कोई ऐसा निकाय अभिप्रेत है जो निम्निलखित में संलग्न है:

i. अपने ब्रांड के अधीन पुनर्नवीकृत बैटरी, जिनमें उपकरणों में प्रयुक्त बैटरी सम्मिलित हैं, सहित बैटरी का विनिर्माण और विक्रय; या

ii. अन्य विनिर्माताओं या आपूर्तिकर्ताओं द्वारा उसके अपने ब्रांड के अधीन उत्पादित पुनर्नवीकृत बैटरी, जिनमें उपकरणों में प्रयुक्त बैटरी सम्मिलित हैं, सहित बैटरी का विक्रय; या

iii. बैटरी और बैटरी को सन्निविष्ट करने वाले उपकरणों का आयात;

(फ) **'सार्वजनिक अपशिष्ट प्रबंधन प्राधिकरण'** से इन नियमों के प्रयोजन के लिए, ग्राम पंचायत, नगर निगम, नगरपालिका और उनकी ओर से सेवाएं देने वाले अभिकरण अभिप्रेत है।

(ब) **'पुनर्चक्रणकर्ता'** से अपशिष्ट बैटरी के पुनर्चक्रण में संलग्न कोई निकाय है;

(भ) **'नवीकरण'** से प्रयुक्त बैटरी को दूसरी बार नए रूप में उपयोग हेतु उनकी मरम्मत, री-कंडीशनिंग और री-पर्पसिंग अभिप्रेत है;

(म) **'नवीकरणकर्ता'** से पुनर्नवीकरण में संलग्न कोई निकाय अभिप्रेत है;

(य) **'अनुसूची'** से इन नियमों के साथ संलग्न कोई अनुसूची अभिप्रेत है;

IndiaCode

(र) **'राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड** से जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) की धारा 4 के अधीन गठित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अभिप्रेत है और इसमें संघ राज्य क्षेत्र से संबंधित प्रदूषण नियंत्रण समिति भी सम्मिलित हैं;

(ल) **'भण्डारण'** से अपशिष्ट बैटरी का भण्डारण अभिप्रेत है;

(व) **'शोधन'** से पुनर्चक्रण के लिए अपशिष्ट बैटरी के संबंध में संपादित कोई कार्यकलाप अभिप्रेत है;

(श) **'प्रयुक्त बैटरी'** से ऐसी बैटरी और/या उसके घटक अभिप्रेत है जिसका उपयोग किया गया है और जिसका और प्रयोग किया जा सकता है और उसका पुनर्नवीकरण यथोचित है;

(ष) **'अपशिष्ट बैटरी'** में सम्मिलित है :

- प्रयुक्त और/या ईओएल बैटरी और/या उनके घटक/कल-पुर्जे/ भाग /उपभोज्य सामग्री जो प्रकृति में परिसंकटमय हो या नहीं भी हो सकते हैं;
- प्री-कंज्यूमर ऑफ स्पेक बैटरी और उनके घटक/कल-पुर्जे/ भाग /उपभोज्य सामग्री;
- वे बैटरी जिनके समुचित उपयोग की तारीख समाप्त हो गई है;
- वे बैटरी जिन्हें उपयोगिक्ता द्वारा परित्यक्त कर दिया गया है;

उन शब्दों और पदों के, जो इन नियमों में परिभाषित नहीं है, वहीं अर्थ होंगे, जो पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 में यथा परिभाषित है।

4. उत्पादक के कृत्य – (1) उत्पादक की बाजार में उपलब्ध कराई गई बैटरी के लिए विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) बाध्यता होगी जिससे उनके पुनर्चक्रण/नवीनीकरण की बाध्यताओं को प्राप्त करना सुनिश्चित हो;

(2) उत्पादक को, बाजार में उपलब्ध कराई गई बैटरी के लिए अनुसूची-।। में यथा उल्लिखित संग्रहण और पुनर्चक्रण और/या नवीनीकरण लक्ष्यों (ईपीआर लक्ष्यों) को पूरा करना होगा।

(3) उत्पादक द्वारा संग्रहित की गई अपशिष्ट बैटरी को किसी पुनर्चक्रण के लिए भेजा जाएगा और कचरा पाटन स्थलों में नहीं भेजा जाएगा या भस्म नहीं किया जाएगा।

(4) उत्पादक को प्ररूप 1(क) के अनुसार ऑनलाइन केंद्रीकृत पोर्टल के माध्यम से रजिस्ट्रीकरण करना होगा। रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण-पत्र, प्ररूप 1(ख) के अनुसार जारी किया जाएगा।

(5) उत्पादक, ईपीआर-रजिस्ट्रीकरण के नवीनीकरण के लिए, इसकी अवधि समाप्त होने से साठ दिन पहले प्ररूप-1(क) फाइल करेगा;

(6) उत्पादक केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को ईपीआर-रजिस्ट्रीकरण में अंतर्विष्ट सूचना में किंही परिवर्तनों में और ईपीआर-रजिस्ट्रीकरण में निर्दिष्ट बैटरी के बाजार में उपलब्ध कराए जाने के संबंध में किसी स्थाई समाप्ति के बारे में सूचित करेगा।

(7) उत्पादक पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में विनिर्मित बैटरी के लिए प्रत्येक वर्ष की 30 जून की तारीख तक केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को प्ररूप-1(ग) में ईपीआर योजना प्रस्तुत करेगा। इसमें केंद्रीकृत पोर्टल के माध्यम से बैटरी की मात्रा, भार के साथ-साथ बैटरी की सामग्रियों के शुष्क भार की जानकारी होगी।

(8) उत्पादक, इन नियमों के प्रकाशन से तीन मास के भीतर वित्तीय वर्ष 2022-23 में विनिर्मित बैटरी के लिए ईपीआर योजना प्ररूप-1(ग) में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को प्रस्तुत करेगा;

(9) विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व की बाध्यताओं को पूरा करने के लिए अपशिष्ट बैटरी के संग्रहण के लिए एक पृथक अपशिष्ट केंद्र विकसित करने के लिए उत्पादक, निक्षेप वापसी प्रणाली या बॉय बैक या किसी अन्य मॉडल जैसी योजनाओं का संचालन कर सकते हैं।

(10) विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व की बाध्यताओं को पूरा करने के लिए, उत्पादक अपशिष्ट बैटरी के संग्रहण, पुनर्चक्रण या नवीनीकरण हेतु स्वयं को या प्राधिकृत किसी अन्य इकाई को संलग्न कर सकता है। तथापि, ईपीआर लक्ष्यों को पूरा करने की बाध्यता उत्पादक की ही रहेगी।

(11) उत्पादक, अगले वित्तीय वर्ष की जून, 30 तक प्ररूप-3 के अनुसार, ईपीआर के अधीन बाध्यताओं को पूरा करने के लिए संग्रहित और पुनर्चक्रित/नवीकृत अपशिष्ट बैटरी के संबंध में प्ररूप 3 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और संबद्धक राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को वार्षिक रिटर्न फाइल करेगा। रजिस्ट्रीकृत पुनर्चक्रकों के ब्यौरे, जिनसे ईपीआर प्रमाण-पत्र प्राप्त किए गए हैं, भी प्रदान किया जाएगा।

(12) उत्पादक का यह उत्तरदायित्व होगा कि वह :-

i. अनुसूची-। में यथा विहित प्रतिबंधों और लेबल लगाने की अपेक्षाओं को पूरा करे;

ii. बैटरी/अपशिष्ट बैटरी की सुरक्षित संभलाई सुनिश्चित करें जिससे कि मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण को कोई क्षति न हो;

(13) उत्पादक अपशिष्ट बैटरी की संभलाई और प्रबंधन में सम्मिलित किसी इकाई द्वारा इन नियमों के किसी उल्लंघन को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के संज्ञान में लाएगा।

(14) उत्पादक की नीचे दी गई सारणी के अनुसार, नई बैटरी में घरेलू रूप से पुनर्चक्रित सामग्रियों के न्यूनतम उपयोग के संबंध में बाध्यता होगी। बैटरी में पुनर्चक्रित सामग्रियों के न्यूनतम उपयोग का आकलन, बैटरी के कुल शुष्क भार की बावत किया जाएगा। आयातित बैटरी के मामले में, उत्पादक को अन्य व्यवसायों द्वारा उपयोग की गई पुनर्चक्रित सामग्रियों की ऐसी मात्रा के माध्यम से या निर्यात करके पुनर्चक्रित सामग्री की ऐसी मात्रा के माध्यम से न्यूनतम उपयोग की बाध्यता को पूरा करना होगा।

क्र.सं.	बैटरी का प्रकार	किसी बैटरी के कुल शुष्क भार में से पुनर्चक्रित सामग्रियों का न्यूनतम उपयोग (प्रतिशत में)			
		2027-28	2028-29	2029-30	2030-31 और उसके बाद
1.	पोर्टेबल	5	10	15	20
2.	इलैक्ट्रिक वाहन	5	10	15	20
		2024-25	2025-26	2026-27	2027-28 और उसके बाद
3.	मोटरयान	35	35	40	40
4.	औद्योगिक	35	35	40	40

(15) उत्पादक इन नियमों के अधीन आज्ञापक किए गए रजिस्ट्रीकरण के बिना किसी अन्य इकाई के साथ ब्यौहार नहीं करेगा।

5. उपभोक्ता के कृत्य – (1) उपभोक्ता का यह उत्तरदायित्व होगा कि:-

i. अपशिष्ट बैटरी को अन्य अपशिष्ट प्रवाहों विशेष रूप से मिश्रित अपशिष्ट, घरेलू अपशिष्ट प्रवाहों से पृथक करके बाहर करना;

ii. सुनिश्चित करना कि अपशिष्ट बैटरी को, इसके संग्रहण या नवीनीकरण या पुनर्चक्रण में लगी किसी इकाई को देकर पर्यावरण के अनुकूल रीति से उनका निपटान किया जाता है;

6. लोक अपशिष्ट प्रबंधन प्राधिकरणों के कृत्य - (1) लोक अपशिष्ट प्रबंधन प्राधिकरण संग्रहित की गई अपशिष्ट बैटरी को, उनकी ओर से कार्यरत उत्पादकों या अभिकरणों, या ऐसी इकाई जो उन अपशिष्ट बैटरी का नवीनीकरण या पुनर्चक्रण की दृष्टि से नवीनीकरण/पुनर्चक्रण में लगी हैं या उनका पुनर्चक्रण या नवीनीकरण स्वयं करती हैं, को सौंपेगा।

7. संग्रहण, पृथक्करण और शोधन में सम्मिलित इकाईयों के कृत्य – (1) संग्रहण, पृथक्करण और शोधन में सम्मिलित निकायों का यह उत्तरदायित्व होगा कि वे अपशिष्ट बैटरी को रजिस्ट्रीकृत नवीनकरणकर्ता/ पुनर्चक्रणकर्ता को सौंप दें;

(2) इस इकाई का उत्तरदायित्व होगा :-

i. यह सुनिश्चित करे कि सुविधा केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा विहित मानकों या मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार है;

ii. यह सुनिश्चित करे कि यह केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा विहित मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार कोई कार्यकलाप करता है;

8. नवीकरणकर्ता के कृत्य – (1) सभी नवीकरणकर्ता केंद्रीकृत पोर्टल पर संबंधित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से रजिस्टर होंगे। रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण-पत्र प्ररूप 2(ख) के अनुसार पोर्टल का उपयोग करके जारी किया जाएगा।

(2) यह नवीकरणकर्ता का उत्तरदायित्व होगा कि :-

i. एक बारगी रजिस्ट्रीकरण प्रदान करने के लिए संबंधित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को प्ररूप-2 में आवेदन करे;

ii. यह सुनिश्चित करे कि यह केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा विहित मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार कोई कार्यकलाप करता है;

iii. यह सुनिश्चित करे कि इकाई के किसी कार्यकलाप से उत्पन्न परिसंकटमय अपशिष्ट को परिसंकटमय और अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन और सीमा पार संचलन) नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार प्रबंधित किया जाए;

iv. यह सुनिश्चित करे कि संभलाई और नवीकरण कार्यकलापों के दौरान उत्पन्न अन्य अपशिष्ट को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 और प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 जैसे विद्यमान विनियमों के अनुसार प्रबंधित किया जाए;

v. यह सुनिश्चित करें कि नवीकरण प्रक्रियाएं और सुविधाएं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानकों या मार्गदर्शक सिद्धांतों का अनुपालन करती हैं;

vi. यह सुनिश्चित करें कि अपशिष्ट बैटरी संग्रहित साधित्र को हटा दिया जाता है यदि बैटरी किसी उपकरण में लगी है।

(3) नवीकरणकर्ता विभिन्न उत्पादकों/इकाईयों से संग्रहित/प्राप्त उपयोग की गई बैटरी की मात्रा, नवीकृत मात्रा, नवीकरण के पश्चात उत्पन्न ठोस अपशिष्ट/प्लास्टिक अपशिष्ट सहित परिसंकटमय और/या अन्य अपशिष्ट की मात्रा और विद्यमान नियमों के अनुसार ऐसी मात्रा के निपटान से संबंधित सूचना प्ररूप 4 में तिमाही विवरणी के रूप में प्रस्तुत करेंगे और तिमाही विवरणी तिमाही के अंत के उत्तरवर्ती मास के अंत तक फाइल की जाएगी।

(4) अपशिष्ट बैटरी के नवीकरण में सम्मिलित ईकाइयों द्वारा प्रसंस्कृत अपशिष्ट बैटरी की कुल मात्रा तिमाही आधार पर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा विकसित केंद्रीकृत पोर्टल के साथ-साथ ईकाइयों की वेबसाइटों पर भी उपलब्ध कराई जाएगी।

(5) नवीकरणकर्ता इन नियमों के अधीन आज्ञापक बनाए गए रजिस्ट्रीकरण के बिना किसी अन्य इकाई के साथ ब्यौहार नहीं करेगा।

9. पुनर्चक्रणकर्ता के कृत्य – (1) सभी पुनर्चक्रणकर्ता ऑनलाइन पोर्टल पर संबंधित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से रजिस्टर होंगे। रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण-पत्र प्ररूप 2(ख) के अनुसार पोर्टल का उपयोग करके जारी किया जाएगा।

IndiaCode

(2) यह पुनर्चक्रणकर्ता का उत्तरदायित्व होगा कि :-

i. एक बारगी रजिस्ट्रीकरण प्रदान करने के लिए संबंधित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को प्ररूप-2 में आवेदन करे;

ii. यह सुनिश्चित करें कि यह केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा विहित मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार कोई कार्यकलाप करता है;

iii. यह सुनिश्चित करें कि इकाई के किसी कार्यकलाप से उत्पन्न परिसंकटमय अपशिष्ट को परिसंकटमय और अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन और सीमा पार संचलन) नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार प्रबंधित किया जाए;

iv. यह सुनिश्चित करें कि संभलाई और नवीनीकरण कार्यकलापों के दौरान उत्पन्न अन्य अपशिष्ट को विद्यमान विनियमों जैसे कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 और ई-अपशिष्ट (प्रबंधन) नियम, 2016 के अनुसार प्रबंधित किया जाए।

v. सुनिश्चित करें कि पुनर्चकरण प्रक्रियाएं और सुविधाएं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानकों या मार्गदर्शक सिद्धांतों का अनुपालन करें।

vi. सुनिश्चित करें कि अपशिष्ट बैटरी को संग्रहित साधित्र से हटा दिया जाएगा यदि बैटरी किसी उपकरण में लगी है।

(3) पुनर्चक्रणकर्ता, विभिन्न उत्पादकों/इकाइयों से संग्रहित/प्राप्त अपशिष्ट बैटरी की मात्रा, पुनर्चक्रित मात्राओं, नियम 10 के उप नियम (4) के अधीन पुनर्प्राप्ति लक्ष्यों के अनुसार सामग्री-वार पुनर्प्राप्ति प्रतिशतता के अनुपालन, पुनर्चक्रण के पश्चात उत्पन्न ठोस अपशिष्ट/प्लास्टिक अपशिष्ट सहित परिसंकटमय और/या अन्य अपशिष्ट की मात्रा और विद्यमान नियमों के अनुसार ऐसी मात्रा से संबंधित सूचना प्ररूप 4 में तिमाही विवरणी के रूप में प्रस्तुत करेगा और यह तिमाही विवरण, तिमाही के अंत के उत्तरवर्ती मास के अंत तक फाइल की जाएगी।

(4) अपशिष्ट बैटरी के पुनर्चक्रण में सम्मिलित इकाइयों द्वारा प्रसंस्कृत अपशिष्ट बैटरी की कुल मात्रा तिमाही आधार पर, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा विकसित केंद्रीकृत पोर्टल और इकाइयों की वेबसाइटों पर भी उपलब्ध कराई जाएगी।

(5) नवीकरणकर्ता इन नियमों के अधीन आज्ञापक बनाए गए रजिस्ट्रीकरण के बिना किसी अन्य इकाई के साथ ब्यौहार नहीं करेगा।

10. अपशिष्ट बैटरी के लिए प्रमाण पत्र का उपबंध - (1) इन नियमों के अधीन रजिस्ट्रीकृत अपशिष्ट बैटरी के नवीनीकरण और/या पुनर्चक्रण में सम्मिलित इकाइयां, अपशिष्ट बैटरी प्रसंस्करण के लिए प्रमाण पत्र प्रदान करेंगी।

(2) किसी भी दशा में, इकाई द्वारा पुनर्चक्रित या नवीनीकृत की गई अपशिष्ट बैटरी की मात्रा, इकाई की संस्थापित क्षमता से अधिक नहीं होगी। ये प्रमाणपत्र, श्रेणी-वार अपशिष्ट बैटरी के लिए होंगे और इनमें इकाई का जीएसटी डेटा सम्मिलित होगा।

(3) रजिस्ट्रीकृत इकाइयों द्वारा प्रदान किया गया अपशिष्ट बैटरी के लिए प्रमाण पत्र, नवीनीकृत/पुनर्चक्रित बैटरी के प्रकार और मात्रा के लिए प्रदान किया जाएगा और ईपीआर बाध्यताओं को पूरा करने के लिए प्रयुक्त किया जा सकता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ऑनलाइन पोर्टल पर ऐसे प्रमाण पत्र जारी करने की व्यवस्था करेगा।

(4) पुनर्प्राप्ति का न्यूनतम प्रतिशत लक्ष्य, बैटरी के शुष्क भार में सभी पुनर्प्राप्त सामग्रियों के कुल भार का प्रतिशत है और पुनर्चक्रणकर्ताओं के लिए नीचे दी गई सारणी में उल्लिखित बैटरी सामग्री की न्यूनतम पुनर्प्राप्ति का लक्ष्य आज्ञापक किया जाएगा।

क्र.सं.	**बैटरी का प्रकार**	**वर्ष के लिए पुनर्प्राप्ति लक्ष्य (%)**		
		2024-25	**2025-26**	**2026-27 और उसके बाद से**
1.	पोर्टेबल	70	80	90
2.	मोटर यान	55	60	60

3.	औद्योगिक	55	60	60
4.	विद्युत यान	70	80	90

टिप्पण : अधिकतम पुनर्प्राप्ति का लक्ष्य,बैटरी में गैर-पुनर्प्राप्ति योग्य परिसंकटमय सामग्री की मात्रा के प्रतिशत के अध्यधीन है। इसका अर्थ, अपशिष्ट बैटरी में मौजूद परिसंकटमय सामग्री के समान प्रतिशत के पुनर्प्राप्ति लक्ष्य में कमी करना होगा।

(5) नियम 15 के अधीन गठित समिति द्वारा तकनीकी और वैज्ञानिक प्रगति तथा अपशिष्ट प्रबंधन में उभर रही नई प्रौद्योगिकियों के आलोक में पुनर्प्राप्त बैटरी सामग्रियों के न्यूनतम स्तरों का पुन: अवलोकन करने के लिए प्रत्येक चार वर्ष में एक बार पुनर्प्राप्ति लक्ष्य की पुनर्विलोकित किया जा सकता है और समिति इस संबंध में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को सिफारिश करेगी।

(6) ईपीआर प्रमाण पत्र, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पुनर्चक्रित या नवीनीकृत मात्राओं के आधार पर तैयार किए जाएंगे और पुनर्चक्रणकर्ताओं या नवीनीकरणकर्ताओं को सौंपे जाएंगे। पुनर्चक्रणकर्ता या नवीनीकरणकर्ता, अपशिष्ट बैटरी के बदले में उत्पादकों को सौंपे गए ईपीआर प्रमाण पत्र बेच सकते हैं।

(7) पुनर्चक्रणकर्ताओं और नवीनीकरणकर्ताओं के लिए ईपीआर प्रमाण पत्र विनिर्दिष्ट वर्ष के लिए सामग्री पुन:प्राप्ति लक्ष्यों की पूर्ति प्रतिशतता और घरेलू या आयातित जैसे बैटरी के भौगोलिक स्रोत प्रसंस्कृत बैटरी के भार के आधार पर सृजित किए जाएंगे।

(8) पुनर्चक्रणकर्ताओं के लिए ईपीआर प्रमाणपत्रों का अनुमान लगाने के लिए निम्नलिखित सूत्र का प्रयोग किया जाएगा:

ईपीआर प्रमाण पत्र (किलोग्राम) = (प्रतिशत में बैटरी सामग्री की वास्तविक पुन:प्राप्ति/प्रतिशत में बैटरी के प्रकार के विनिर्दिष्ट वर्ष के लिए पुन:प्राप्ति लक्ष्य) x प्रसंस्कृत बैटरी की मात्रा (किलो) x (1-क)

टिप्पण :

क = घरेलू रूप से उत्पन्न अपशिष्ट बैटरी के लिए 0;

क = परिसंकटमय और अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन और सीमापारीय संचलन) नियम, 2016 के अधीन अनुमत आयात के माध्यम से प्राप्त अपशिष्ट बैटरी के लिए 0.2

(9) प्रवर्गों में अधिशेष ईपीआर प्रमाणपत्रों का उपयोग केवल उसी प्रवर्ग की बैटरी के लिए ऑफ़-सेटिंग, अग्रनयन और विक्रय के लिए किया जा सकता है।

(i) पुनर्चक्रण के अधीन अधिशेष ईपीआर प्रमाणपत्र का पुनर्चक्रण के लिए उपयोग किया जा सकता है। नवीनीकरण के अधीन अधिशेष का पुनर्चक्रण के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता है।

(10) उत्पादक उसी श्रेणी की बैटरी के अन्य उत्पादकों से अधिशेष ईपीआर प्रमाण पत्र खरीदकर एक प्रवर्ग के अधीन अपने ईपीआर बाध्यता को पूरा कर सकता है।

(11) उत्पादक ईपीआर प्रमाण पत्र खरीद सकता है, जो चालू वर्ष के अपने ईपीआर दायित्व और पूर्ववर्ती वर्षों के किसी शेष दायित्व और वर्तमान वर्ष के दायित्व को 10% तक सीमित है।

(12) जैसे ही उत्पादक ईपीआर प्रमाण पत्र खरीदता है, वह स्वत: ही उसके दायित्व के संदर्भ में समायोजित हो जाएगा।

(i) समायोजन में पूर्वतर दायित्व को प्राथमिकता दी जाएगी।

(ii) ईपीआर बाध्यताओं को पूरा करने के लिए उत्पादक द्वारा उपयोग किए गए ईपीआर प्रमाणपत्रों का पुन: आदान-प्रदान नहीं किया जाएगा।

(13) ऐसे सभी संव्यवहारों को अभिलिखित किया जाएगा और ऑनलाइन पोर्टल पर तिमाही विवरणियां भरते समय नवीनीकरणकर्ताओं या पुनर्चक्रणकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

(14) उत्पादक की बाध्यताओं को पूरा करने के लिए नवीनीकरणकर्ता या पुनर्चक्रणकर्ता द्वारा सृजित ईपीआर प्रमाण पत्र सात वर्ष की अवधि के लिए विधिमात्र होंगे।

11. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कृत्य

(1) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्डऑनलाइन पोर्टल प्ररूप 1 (ख) के माध्यम से उत्पादकों को रजिस्टर करेगा;

(2) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदनों के साथ-साथ विवरणियों पर कार्यवाही करने के लिए फीस अवधारित कर सकता है।

(3) पूर्ण आवेदन जमा करने के दो सप्ताह के भीतर किया जाएगा।

(4) उत्पादक का रजिस्ट्रीकरण पांच वर्ष तक की अवधि के लिए विधिमान्य होगा;

(5) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ उत्पादक की ईपीआर योजना के साथ-साथ उत्पादकों के रजिस्ट्रीकरण ब्यौरे साझा करेगा;

(6) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जमा किए गए प्ररूप 1(क) के आधार पर रजिस्ट्रीकरण का नवीनीकरण करेगा;

(7) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात् अनुसूची II के अनुसार ईपीआर बाध्यताओं का अनुपालन न करने के मामले में रजिस्ट्रीकरण को निलंबित और/या रद्द कर देगा, और/या पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगायेगा;

(8) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उत्पादकों द्वारा इन नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करेगा, जिसमें दूरस्थ अनुबंधों के माध्यम से बैटरी की आपूर्ति करने वाले भी सम्मिलित हैं;

(9) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड यह सुनिश्चित करेगा कि रजिस्ट्रीकरण या नवीनीकरण तभी किया जाता है जब वह इन नियमों के अधीन अन्यथा निलंबित और/या रद्द नहीं किया गया है और दो सप्ताह के भीतर आपत्ति न होने पर यह जारी समझा जाएगा;

(10) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड स्वयं या किसी अभिहित अभिकरण के माध्यम से निरीक्षण और आवधिक लेखापरीक्षा के माध्यम से उत्पादकों द्वारा अनुपालन का सत्यापन करेगा।

(i) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, यथा अपेक्षित, निरीक्षण और आवधिक लेखापरीक्षा के माध्यम से अपशिष्ट बैटरी के नवीनीकरण/पुनर्चक्रण में सम्मिलित इकाइयों द्वारा अनुपालन को भी सत्यापित कर सकता है।

(ii) ईपीआर दायित्वों सहित इन नियमों के अधीन उल्लंघनों और बाध्यताओं को पूरा न करने के लिए कार्रवाई, नियम 13 के अनुसार होगी।

(iii) राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में संचालित इकाइयों के मामले में, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, यदि अपेक्षित हो, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को कार्रवाई करने का निदेश दे सकता है;

(11) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, स्वयं या अभिहित अभिकरण द्वारा इन नियमों के अधीन रजिस्ट्रीकृत इकाई की जीएसटीएन पोर्टल से जानकारी का उपयोग करने सहित आंकडों की लेखा परीक्षा करेगा;

(12) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नियमों के अधीन रजिस्ट्रीकृत इकाई द्वारा इन नियमों के उल्लंघन के मामले में उत्पादकों के रजिस्ट्रीकरण को निलंबित और/या रद्द करेगा, और/या पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाएगा;

IndiaCode

(13) उत्पादकों के रजिस्ट्रीकरण को निलंबित करने या रद्द करने के संबंध में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आदेश के विरूद्ध की गई अपील पर कार्रवाई का अधिकार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के पास है और अपील प्रस्तुत करने के पश्चात् 45 दिनों के भीतर इसका निपटान कर दिया जाएगा।

(14) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में संयुक्त सचिव या समतुल्य अधिकारी को अपीली प्राधिकारी के रूप में अभिहित किया जाएगा।

(i) अपीलार्थी द्वारा अभिहित अपीली प्राधिकारी को लिखित रूप में अपील की जाएगी और आदेश के पारित होने की तारीख से तीस दिनों के भीतर उस आदेश की एक प्रति के साथ अपील की जाएगी जिसके विरूद्ध अपील की गई है।

(15) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा पुनर्चक्रकों या नवीनीकरणकर्ताओं के रजिस्ट्रीकरण के निलंबन और/या रद्द करने के संबंध में राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आदेश के विरूद्ध पुनर्चक्रक या नवीनीकरणकर्ता द्वारा की गई अपील का निपटान अपील की प्राप्ति के तीस दिनों के भीतर किया जाएगा;

(16) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में सदस्य सचिव को अपीली प्राधिकारी के रूप में अभिहित किया जाएगा।

(i) अपीलार्थी द्वारा अभिहित अपीली प्राधिकारी को लिखित रूप में अपील की जाएगी और आदेश के पारित होने की तारीख से तीस दिनों के भीतर उस आदेश की एक प्रति के साथ अपील की जाएगी जिसके विरूद्ध अपील की गई है।

(17) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अपशिष्ट बैटरी के संग्रहण, भंडारण, परिवहन, नवीनीकरण और पुनर्चक्रण को पर्यावरण अनुकूल प्रक्रियाओं के लिए मार्ग दर्शक सिद्धांत जारी करेगा;

(18) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्रत्येक वर्ष राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से प्राप्त आंकड़ों को संकलित और प्रकाशित करेगा;

(19) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ऑनलाइन पोर्टल पर ईपीआर प्रमाणपत्रों के आदान-प्रदान के लिए प्रणाली तैयार करेगा।

(20) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उन उत्पादकों की सूची प्रकाशित करेगा जो वार्षिक आधार पर ईपीआर लक्ष्यों और बाध्यताओं को पूरा करने में असफल रहे हैं;

(21) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ईपीआर योजनाओं और उत्पादकों की वार्षिक विवरणी को साझा करेगा;

(22) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इन नियमों के अधीन बाध्यताओं की पूर्ति में पणधारियों के बीच नियमित संवाद सुनिश्चित करने के लिए एक तंत्र स्थापित करेगा।

(23) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इन नियमों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए नियम 15 के अनुसार एक कार्यान्वयन समिति का गठन करेगा और इसे मजबूत बनाने के लिए सिफारिशें करेगा।

(i) समिति अपनी रिपोर्ट और सिफारिशें पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को प्रस्तुत करने के लिए छह मास में कम से कम एक बार बैठक करेगी;

(24) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विशेष रूप से बैटरी सामग्री की पुन:प्राप्ति पर नियम 10 के उपनियम (4) के बाबत तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता और साध्येता के लिए अपशिष्ट बैटरी प्रबंधन से संबंधित प्रौद्योगिकियों का पुनर्विलोकन करेगा।

(25) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अपशिष्ट बैटरी के नवीनीकरण और पुनर्चक्रण के संबंध में प्रौद्योगिकियों और मानकों के बारे में मार्गदर्शक सिद्धांत जारी करेगा;

IndiaCode

(26) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तकनीकी और वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर पुनर्चक्रण से बैटरी सामग्री की पुन:प्राप्ति के संबंध में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को सिफारिश करेगा;

12. राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कृत्य - (1) राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ऑनलाइन प्ररूप 2 (ख) के माध्यम से नवीनीकरण और पुनर्चक्रण में सम्मिलित इकाई को रजिस्टर करेगा।

रजिस्ट्रीकरण के लिए उपबंध विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व पोर्टल पर किया जाएगा और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या एक अनिहित अभिकरण के माध्यम से अपनी अधिकारिता में निरीक्षण और आवधिक लेखा परीक्षा के माध्यम से अपशिष्ट बैटरी के नवीनीकरण और पुनर्चक्रण में सम्मिलित इकाई के अनुपालन को सत्यापित करेगा, जैसा उचित समझा जाए,

(2) यदि अपशिष्ट बैटरी के नवीनीकरण या पुनर्चक्रण में सम्मिलित इकाई द्वारा प्रदान की गई जानकारी मिथ्या पाई जाती है, तो राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नियम 13 के अधीन कार्रवाई सहित सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात् पांच वर्ष की अवधि के लिए रजिस्ट्रीकरण को निलंबित और / या रद्द कर देगा।

(3) राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड वार्षिक आधार पर अपने विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व बाध्यताओं को पूरा नहीं करने वाली इकाइयों की सूची बनाएगा और उसे प्रकाशित करेगा।

(i) राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अपशिष्ट बैटरी के नवीनीकरण या पुनर्चक्रण में सम्मिलित इकाइयों द्वारा प्रस्तुत की गई तिमाही रिपोर्टों को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को संकलित और अग्रेषित करेगा और ऑनलाइन प्रकाशित करेगा।

(4) राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इन नियमों के अधीन बाध्यताओं की पूर्ति में सम्मिलित संबंधित पणधारियों के बीच नियमित संवाद सुनिश्चित करेगा।

(5) राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इन नियमों के प्रभावी कार्यान्वयन के संबंध में प्रत्येक वर्ष 30 जून तक केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

13. उल्लंघन पर कार्रवाई और पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति का अधिरोपण – (1) प्रदूषक क्षतिपूर्ति सिद्धांत के आधार पर निम्नलिखित कार्यकलापों के लिए पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति भी लगाई जाएगी:

i. इन नियमों के अधीन आज्ञापक रजिस्ट्रीकरण के बिना गतिविधियों को संचालित करने वाली संस्थाएं;

ii. इन नियमों के अधीन रजिस्ट्रीकृत इकाइयों द्वारा मिथ्या जानकारी प्रदान करना/ भौतिक तथ्यों को जानबूझकर छिपाना;

iii. इन नियमों के अधीन रजिस्ट्रीकृत इकाइओं द्वारा कूटरचित जाली/छलसाधन किए गए दस्तावेज़ प्रस्तुत करना;

iv. अपशिष्ट बैटरी के उचित प्रबंधन का अनुपालन नहीं करने के संबंध में संग्रह, पृथक्करण और शोधन में लगी इकाइयों।

(2) इन कार्यकलापों को, अपवंचन या उल्लंघन की दशा में या तो स्वयं इकाई द्वारा या बाध्यताओं के अपवंचन या उल्लंघन में किसी बाध्य इकाई की मदद करने पर, सुनवाई का अवसर देने के पश्चात्, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 15 उपबंधों के अधीन भी निपटाया जा सकता है।

(3) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नियम 15 के अधीन गठित कार्यान्वयन समिति इन नियमों के अधीन बाध्यताओं को पूरा न करने की स्थिति में, अपशिष्ट बैटरी के नवीनीकरण और पुनर्चक्रण में सम्मिलित उत्पादकों और इकाइयों से पर्यावरण क्षतिपूर्ति का अधिरोपण और संग्रहण करने के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत तैयार करेगी और सिफारिश करेगी।

(i) ऐसी पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति को प्रभावी करने के लिए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को अनुशंसित मार्गदर्शक सिद्धांत प्रस्तुत किए जाएंगे ।

IndiaCode

(4) इन नियमों में उपवर्णित अपने ईपीआर लक्ष्यों, उत्तरदायित्वों और बाध्यताओं को पूरा न करने के बाबत में काम कर रहे उत्पादकों पर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा पर्यावरण क्षतिपूर्ति उद्गृहीत की जाएगी;

(5) पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति संबंधित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अपशिष्ट बैटरी के नवीनीकरण या पुनर्चक्रण में सम्मिलित इकाइयों के साथ-साथ संग्रहण, पृथक्करण और शोधन में सम्मिलित उन इकाइयों पर उद्गृहीत की जाएगी, उनकी अधिकारिता में इन नियमों के अधीन उपवर्णित अपने उत्तरदायित्वों और बाध्यताओं को पूरा करने में असफल रहे हैं। यदि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड साठ दिन में कार्रवाई नहीं करता है, तो केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश जारी करेगा।

(6) पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति का भुगतान इन नियमों के अधीन उपवर्णित ईपीआर बाध्यता के उत्पादकों को मुक्त नहीं करेगा।

(i) किसी विशेष वर्ष के लिए पूर्ण न की गई ईपीआर बाध्यता अगले वर्ष के लिए तीन वर्षों की अवधि के लिए अग्रेषित की जाएगी।

(ii) यदि ईपीआर दायित्व की कमी को पश्चात्वर्ती वर्षों में तीन वर्षों के अंदर पूर्ण किया जाता है, तो उद्गृहीत पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति को नीचे दिए गए अनुसार उत्पादकों को वापस कर दिया जाएगा:

1. पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति उद्ग्रहण करने के एक वर्ष के भीतर : 75% वापस
2. दो वर्ष के भीतर: 60% वापस
3. तीन वर्ष के भीतर: 40% वापस

(7) पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति देय होने के 3 वर्ष पूरे होने के पश्चात्, पूरी पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति रकम समपहृत कर ली जाएगी। यह व्यवस्था पश्चात् के वर्षों में भी संबंधित इकाइयों द्वारा अपशिष्ट बैटरी के संग्रहण और नवीनीकरण/पुनर्चक्रण के लिए अनुज्ञा देगी।

(8) पर्यावरण क्षतिपूर्ति के अधीन संग्रहित निधि को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्डया राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा एक अलग निलम्ब लेखा में रखा जाएगा।

(i) संग्रहित निधियों धनराशि का उपयोग ऐसी संग्रहित न की गई और गैर-पुनर्नवीनीकरण या नवीनीकृत अपशिष्ट बैटरी के संग्रहण और नवीनीकरण या पुनर्चक्रण में किया जाएगा, जिसके लिए पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की जाती है।

(ii) केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन के लिए कार्यान्वयन समिति द्वारा अपशिष्ट बैटरी प्रबंधन के लिए निधियों के उपयोग के तौर-तरीकों की सिफारिश की जाएगी।

(9) इन मार्गदर्शक सिद्धांतों के अधीन उपवर्णित बाध्यताओं की पूर्ति न करने पर पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 15 के उपबंधों के अधीन दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

14. **केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल –** (1) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इन नियमों के प्रारंभ के छह मास के भीतर रजिस्ट्रीकरण के साथ-साथ उत्पादकों, पुनर्चक्रणकर्ताओं और अपशिष्ट बैटरी के नवीनीकरणकर्ताओं द्वारा विवरण फाईल करने के लिए एक ऑनलाइन प्रणाली स्थापित करेगा।

(2) ऐसी प्रणाली एक तंत्र सुनिश्चित करेगी जिसमें उत्पादकों के ईपीआर बाध्यताओं के अनुसार अपशिष्ट बैटरी की बकाया सामग्री परिलक्षित होती है। यह अपशिष्ट बैटरी के नवीनीकरण और पुनर्चक्रण में सम्मिलित उत्पादकों और इकाइयों के लेखा परीक्षा से संबंधित ब्यौरे भी दर्शाएगा।

IndiaCode

(3) राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उत्पादकों के रजिस्ट्रीकरण के लिए उपयोग किए जाने वाले केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वेब पोर्टल का उपयोग भी अपशिष्ट बैटरी के नवीनीकरण और पुनर्चक्रण में सम्मिलित इकाइयों को रजिस्ट्रीकृत करने हेतु करेगा।

(4) इन नियमों के कार्यान्वयन से संबंधित आदेशों और मार्गदर्शक सिद्धांतों के संबंध में वेब पोर्टल एकल बिंदु आंकड़ा संग्रह के रूप में कार्य करेगा।

(5) उत्पादक, ऑनलाइन पोर्टल के विकास की सुविधा प्रदान कर सकते हैं।

15. कार्यान्वयन के लिए समिति – (1) इन नियमों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को उपायों की सिफारिश करने के लिए केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष की अध्यक्षता में केंद्रीय सरकार द्वारा एक समिति का गठन किया जाएगा।

(2) यह समितिइन नियमों के कार्यान्वयन की मानीटरी करेगी और कठिनाइयों को दूर करने के लिए आवश्यक उपाय भी करेगी।

(3) इस समितिको ऑनलाइन पोर्टल के विकास और संचालन के मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण का भी काम सौंपा जाएगा।

(4) इन नियमों के साथ संलग्न प्ररूपों में कोई संशोधन केंद्रीय सरकार के अनुमोदन से समिति द्वारा किया जा सकता है।

(5) इस समिति में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग, आवास और शहरी कार्य मंत्रालय, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, रसायन और पेट्रो केमिकल्स विभाग, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान जैसे संगठनों के प्रतिनिधि और पणधारियों जैसे उत्पादकों, पुनर्चक्रणकर्ताओं और नवीनीकरणकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले संगमों, और समिति के अध्यक्ष द्वारा आमंत्रित कोई अन्य पणधारी सम्मिलित होंगे।

[फा. सं. 12/36/2019-एचएसएमडी]

नरेश पाल गंगवार, अपर सचिव

अनुसूची-I

निषेध और लेबलिंग अपेक्षाएं

1. बैटरी में भारी धातु की मात्रा संबंधी निषेध

- एक बैटरी जिसके भार में 0.0005% (5 पीपीएम) तक पारा शामिल है को केवल 2025 तक उपयोग में ला सकते हैं;
- एक बैटरी जिसके भार में 0.002% (2000 पीपीएम) तक कैडमियम होता है, को केवल उपयोग में ला सकते है।
- पैरा ग्राफ (1) (i) भार में <2% पारा तत्व के साथ बटन जिंक सिल्वर आक्साइड बैटरी और <2% पारा तत्व के साथ बटन जिंक एयर बैटरी पर लागू नहीं होगा।
- पैराग्राफ (1) (i) में दिया गया प्रतिबंध निम्नलिखित उपयोग के लिए पोर्टेबल बैटरी पर लागू नहीं होगा:

  क. आपातस्थिति प्रकाश व्यवस्था सहित आपातस्थिति और चेतावनी प्रणाली;

  ख. चिकित्सा उपकरण

2. लेबल लगाने की आवश्यकता

क. उत्पादक यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी बैटरी या बैटरी पैक भारतीय मानक ब्यूरों द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार अपेक्षित लेबलिंग आवश्यकताओं के साथ उचित रूप से चिह्नित हैं।

ख. सभी अपेक्षित लेबल और प्रतीकों को प्रत्यक्ष रूप से, स्पष्टता से और अमिट रूप से मुद्रित किया जाना चाहिए।

ग. कोई भी व्यक्ति किसी भी बैटरी या बैटरी पैक को तब तक बाजार में प्रस्तुत नही करेगा जब तक बैटरी या बैटरी पैक के सबसे बड़े भाग के कम से कम 3% क्षेत्र में (अधिकतम आकार 5 सेमी.x5 सेमी. तक) चित्र 1 में दर्शाये गए 'क्रॉस चिन्ह वाले पहियादार कूड़ेदान का निशान' नही लगाया हो। बेलनाकार बैटरी के मामले में, क्रास चिन्ह वाले पहियादार कूड़ेदान का निशान बैटरी या बैटरी पैक की सतह पर कम से कम 1.5% क्षेत्र में लगाया जाएगा, अधिकतम आकार 5 सेमी. X5 सेमी. तक।

घ. जहां बैटरी या बैटरी पैक का आकार ऐसा है कि क्रास चिन्ह वाले पहियादार कूड़ेदान का निशान 0.5 x0.5 सेमी. से कम हो, वहां बैटरी या बैटरी पैक पर निशान लगाने की आश्यकता नही है किंतु पैकेजिंग पर कम से कम 1x1 सेमी. माप का क्रास चिन्ह वाले पहियादार कूड़ेदान का निशान अंकित किया जाएगा।

ड. कोई भी व्यक्ति बाजार में पारा, कैडमियम या लेड़ वाली बैटरी या बटन सेल तब तक प्रस्तुत नही कर सकता जब तक उस पर संबंधित रासायनिक चिन्ह ''एचजी'', ''सीडी'' और ''पीबी'' अंकित नही किया गया हो। भारी धातु का प्रतीक निम्नलिखित रूप से होगा:-

(i) चित्र 1 में दिखाए गए प्रतीक के नीचे मुद्रित किया जाना चाहिए; और

(ii) क्रास चिन्ह वाले पहियेदार कूड़ेदान के प्रतीक के आकार के कम से कम एक चौथाई क्षेत्र को कवर करें।



चित्र I. क्रास चिन्ह वाला पहियेदार कूड़ेदान का प्रतीक

सीडी एचजी पीबी

चित्र II: भारी धातु प्रतीक

अनुसूची-II

विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व के लिए लक्ष्य

(i) यदि एक नये उत्पादक के द्वारा इन नियमों के प्रकाशित होने के बाद के वर्षों में बैटरी को बाजार में प्रस्तुत करने के मामले में संबंधित प्रकार के बैटरी के ईपीआर लक्ष्य विभिन्न प्रकार की बैटरी के लिए लागू होंगे, जो नीचे दी गई तालिकाओं में उल्लिखित बैटरी के औसत जीवन के आधार पर होगा।

(ii) ईपीआर लक्ष्य में नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित संग्रह लक्ष्य और संबंधित वर्ष के ईपीआर संग्रह लक्ष्य के 100% पुनर्चक्रण और/या नवीनीकरण लक्ष्य शामिल होंगे।

(iii) अपशिष्ट बैटरी के पुनर्चक्रण का अर्थ है लेड़, निकल, लिथियम, निकल, कोबाल्ट, प्लास्टिक, रबर, ग्लास इत्यादि जैसी बैटरी सामग्री का पुनर्चक्रण।

(iv) उत्पादक के लिए ईपीआर लक्ष्य प्रत्येक प्रकार की वहनीय बैटरी, मोटरयान, औद्योगिक और विद्युत यान बैटरी के भीतर बैटरी ,जैसे लेड़ एसिड, ली-आयन, निकल कैडमियम, जिंक आधारित बैटरिया आदि) के प्रकार के लिए विशिष्ट होगा।

(v) उत्पादक अपने ईपीआर दायित्व को पुनर्चक्रणकर्ताओं/नवीनीकरणकर्ताओं द्वारा उपलब्ध कराए गए ईपीआर प्रमाण पत्र के माध्यम से पूरा करेगा। पुनर्चक्रणकताओं/नवीनीकरणकर्ताओं के साथ ईपीआर प्रमाण-पत्रों की अनुपलब्धता के मामले में, उत्पादक के पास संग्रह की भी जिम्मेदारी होगी।

(vi) उपभोक्ता इलेक्ट्रानिक्स में उपयोग की गई वहनीय बैटरी के लिए जो पुन:आवेशनीय हैं:

सं.	**अनुपालन चक्र**	**वर्ष**	**अनिवार्य रूप से अपशिष्ट बैटरी संग्रह लक्ष्य और संग्रह लक्ष्य के नवीनीकरण/पुनर्चक्रण का 100% (भार)**	**अनिवार्य अपशिष्ट बैटरी संग्रह लक्ष्य और प्रत्येक दस वर्ष के चक्र के लिए 100% नवीनीकरण और/या पुनर्चक्रण लक्ष्य**
(i)	2022-23 2031-32	2022-23	वर्ष 2017-18 में बाजार में प्रस्तुत बैटरी की मात्रा का कम से कम 50%	दस वर्ष के अनुपालन चक्र के दौरान बाजार में रखी गयी बैटरी के संदर्भ में दस वर्ष के अनुपालन चक्र (10 वें वर्ष के अंत) तक 100% अपशिष्ट बैटरी का संग्रह और 100% नवीनीकरण/पुनर्चक्रण अनिवार्य होगा। तथापि, अगले अनुपालन चक्र के लिए दस वर्ष के चक्र के दौरान प्रति वर्ष बाजार में रखी गई बैटरी की औसत मात्रा का 60% तक आगे बढ़ाया जा सकता है।
(ii)		2023-2024	वर्ष 2018-19 में बाजार में प्रस्तुत बैटरी की मात्रा का कम से कम 60%	
(iii)		2024-2025	वर्ष 2019-20 में बाजार में प्रस्तुत बैटरी की मात्रा का कम से कम 70%	
(iv)		2025-2026	वर्ष 2020-21 में बाजार में रखी गई बैटरी की मात्रा का न्यूनतम 70%।	
(v)		2026-2027	वर्ष 2021-22 में बाजार में रखी गई बैटरी की मात्रा का न्यूनतम 70%।	
(vi)		2027-28	वर्ष 2022-23 में बाजार में रखी गई बैटरी की मात्रा का न्यूनतम 70%।	
(vii)		2028-29	वर्ष 2023-24 में बाजार में रखी गई बैटरी की मात्रा न्यूनतम 70% मात्रा।	

(viii)		2029-30	वर्ष 2024-25 में बाजार में रखी गई बैटरी की मात्रा का न्यूनतम 70%।	
(ix)		2030-31	वर्ष 2025-26 में बाजार में रखी गई बैटरी की मात्रा का न्यूनतम 70%।	
(x)		2031-32	वर्ष 2026-27 में बाजार में रखी गई बैटरी की मात्रा का न्यूनतम 70%।	
(xi)	वर्ष 2032-33 से 2041-42, और आगे	2032-33 और उसके बाद	5वें पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष (अर्थात 2027-28) और उसके बाद बाजार में रखी गई बैटरी की न्यूनतम मात्रा का 70%।	दस वर्ष के अनुपालन चक्र के दौरान बाजार में रखी गई बैटरी के संदर्भ में दस वर्ष के अनुपालन चक्र (10वें वर्ष के अंत) के अंत तक 100% अपशिष्ट बैटरी का संग्रह और 100% नवीनीकरण/ पुनर्चक्रण अनिवार्य होगा। तथापि, अगले अनुपालन चक्र के लिए दस वर्ष के चक्र के दौरान प्रति वर्ष बाजार में रखी गई बैटरी की औसत मात्रा का 60% तक आगे बढ़ाया जा सकता है।

IndiaCode

(vii) उपभोक्ता इलेक्ट्रानिक्स में इस्तेमाल होने वालों जो फिर से रिचार्ज करने के लायक हैं, को छोड़कर वहनीय बैटरी के लिए :

सं.	**अनुपालन चक्र**	**वर्ष**	**अपशिष्ट बैटरी संग्रह लक्ष्य और लक्ष्य के नवीनीकरण / पुनर्चक्रण का 100% (भार)**	**अनिवार्य अपशिष्ट बैटरी संग्रह लक्ष्य, और हर दस वर्ष के चक्र के लिए 100% नवीनीकरण और/या रीसाइक्लिंग लक्ष्य (भार)**
(i)	2025-26 से 2034-35तक	2025-2026	वर्ष 2022-23 में बाजार में रखी गई बैटरी की मात्रा का न्यूनतम 50%।	दस वर्ष के अनुपालन चक्र के दौरान बाजार में रखी बैटरी के संदर्भ में दस वर्ष के अनुपालन चक्र (10 वें वर्ष के अंत) के अंत तक 100% अपशिष्ट बैटरी का संग्रह और 100% नवीनीकरण / पुनर्चक्रण अनिवार्य होगा। तथापि, अगले अनुपालन चक्र के लिए दस वर्ष के चक्र के दौरान प्रति वर्ष बाजार में रखी गई बैटरी की औसत मात्रा का 60% तक आगे बढ़ाया जा सकता है।
(ii)		2026-2027	वर्ष 2023-24 में बाजार में रखी गई बैटरी की मात्रा का न्यूनतम 60%।	
(iii)		2027-2028	वर्ष 2024-25 में बाजार में रखी गई बैटरी की मात्रा का न्यूनतम 70%।	
(iv)		2028-2029	वर्ष 2025-26 में बाजार में रखी गई बैटरी की मात्रा का न्यूनतम 70%।	
(v)		2029-2030	वर्ष 2026-27 में बाजार में रखी गई बैटरी की मात्रा का न्यूनतम 70%।	
(vi)		2030-2031	वर्ष 2027-28 में बाजार में रखी गई बैटरी की मात्रा का न्यूनतम 70%।	

(vii)		2031-2032	वर्ष 2028-29 में बाजार में रखी गई बैटरी की मात्रा का न्यूनतम 70%।	
(viii)		2032-2033	वर्ष 2029-30 में बाजार में रखी गई बैटरी की मात्रा का न्यूनतम 70%।	
(ix)		2033-2034	वर्ष 2030-31 में बाजार में रखी गई बैटरी की मात्रा का न्यूनतम 70%।	
(x)		2034-2035	वर्ष 2031-32 में बाजार में रखी गई बैटरी की मात्रा का न्यूनतम 70%।	
(xi)	वर्ष 2035-36 से 2044-45 तक, और उसके बाद	2035-2036 और उसके बाद	तीसरे पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष (यानी 2032-33) और उसके बाद बाजार में रखी गई बैटरी की न्यूनतम मात्रा का 70%	दस वर्ष के अनुपालन चक्र के दौरान बाजार में रखी बैटरी के संदर्भ में दस वर्ष के अनुपालन चक्र (10 वें वर्ष के अंत) के अंत तक 100% अपशिष्ट बैटरी का संग्रह और 100% नवीनीकरण / पुनर्चक्रण अनिवार्य होगा। तथापि, अगले अनुपालन चक्र के लिए दस वर्ष के चक्र के दौरान प्रति वर्ष बाजार में रखी गई बैटरी की औसत मात्रा का 60% तक आगे बढ़ाया जा सकता है।

IndiaCode

(viii) मोटरयान बैटरी के लिए

सं.	**अनुपालन चक्र**	**वर्ष**	**अनिवार्य अपशिष्ट बैटरी संग्रह लक्ष्य और संग्रह लक्ष्य के नवीनीकरण / पुनर्चक्रण का 100% (भार)**	**अनिवार्य अपशिष्ट बैटरी संग्रह लक्ष्य, और हर सात वर्ष के चक्र के लिए 100% नवीनीकरण और/या पुनर्चक्रण लक्ष्य (भार)**
